मूल हिन्दी

भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 4806
31 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए
स्मार्ट सिटी मिशन के तहत कार्य का समापन

4806. श्रीमती संध्या राय:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत भिंड लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत भिंड और दतिया जिलों में कितने कार्य पूर्ण किए गए हैं और इस संबंध में किए गए भुगतान की राशि कितनी हैं; और

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान और वर्तमान वर्ष में प्रत्येक नगरपालिका द्वारा ऑनलाइन या ऑफलाइन किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है, जिसमें इस संबंध में किए गए भुगतान की राशि के साथ-साथ उसकी तथ्यात्मक स्थिति भी शामिल है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) और (ख): भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) की शुरुआत की। जनवरी 2016 से जून 2018 तक 4 चरणों की प्रतियोगिता के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है। भिंड और दतिया 100 चयनित शहरों की सूची का हिस्सा नहीं है। 4 मार्च 2022 तक भारत सरकार ने 100 स्मार्ट शहरों के लिए 29,213.60 करोड़ रुपए जारी किए हैं, जिनमें से 25,177.65 करोड़ रुपए (86%) का उपयोग किया जा चुका है। अब तक 100 स्मार्ट शहरों ने 1,91,238 करोड़ रुपए की 6,928 परियोजनाओं के लिए निविदा दी है। 1,65,503 करोड़ रूपये की 6282 परियोजनाओं के लिए कार्य आदेश जारी किए हैं, 59,958 करोड़ रुपए की 3,576 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं।

*****